Title: Need to connect Khudia reservoir with Narmada river in Chhattisgarh with a view to augment irrigation facilities.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिलासपुर जिला छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित मनियारी नदी पर खुढिया जलाशय के नाम पर बांध का निर्माण (50 र्वा पूर्व) किया गया था, जिसकी किसानों की भूमि सिंचाई क्षमता 50,000 (पचास हजार) एकड़ थी। जो वर्तमान में बढ़कर 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) एकड़ भूमि की सिंचाई हेतु हो गई है, जिससे सिंचाई कर पाना संभव नहीं है। उक्त जलाशय का राजीव जलाशय के नाम से नया नामकरण किया गया है। इसकी सिंचाई क्षमता को बढ़ाने हेतु म.प्र. राज्य के अमरकंटक से निकली नर्मदा नदी जिसकी लम्बाई 100 किलोमीटर के लगभग होगी और लागत 100 करोड़ रुपये से 150 करोड़ रुपये होगी, उक्त नदी में बारह मास पर्याप्त मात्रा में पानी रहता है, जो किसी काम नहीं आता।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जिला बिलासपुर के खुढिया जलाशय को अमरकंटक नर्मदा नदी से जोड़ा जाए तथा केन्द्र सरकार द्वारा जल संवर्धन नीति के अनुसार इसे बनाये जाने की स्वीकृति दी जाए, ताकि लोगों को दो फसली सिंचाई की सुविधा मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।